Presentation of 62nd to 66th Reports of the Committee on Petitions

श्री हरीश द्विवेदी **(बस्ती):** मैं याचिका समिति के निम्निलिखित प्रतिवेदन (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) प्रस्तुत करता हूँ:-

1. प्रो. संदीप चटर्जी के भारतीय फिल्म और टेलीविजन संस्थान (एफटीआईआई) की सेवाओं से उनके निलंबन के मामले में उचित जांच करने और उसके समाधान में तेजी लाने का अनुरोध करने वाले अभ्यावेदन के संबंध में 62 वां प्रतिवेदन ।

2. भारतीय दार्शनिक अनुसंधान परिषद (आईसीपीआर) और मेसर्स डी.के. प्रिंटवर्ल्ड प्राइवेट लिमिटेड, नई दिल्ली द्वारा श्री गुलाब कोठारी लिखित पुस्तक *?द कॉस्मिक इनफिनिटी ? ए वैदिक प्रस्पेक्टिव?* के अवैध और अप्राधिकृत प्रकाशन तथा बिक्री के संबंध में तथाकथित अपराधिक षडयंत्र और साहित्यिक चोरी के बारे में श्री राजेश शर्मा के अभ्यावेदन के संबंध में 63 वां प्रतिवेदन ।

3. श्री अनिल हीरालाल शाह उर्फ राजू बार्टर, श्री अतुल हीरालाल शाह ? ?बार्टर बंधुओं? के नाम से लोकप्रिय, श्री जलज इंद्रसेन बत्रा, श्रीमती अंजू बत्रा, श्री भारत भूषण बत्रा द्वारा श्री संजय अग्रवाल सहित उनके ज्ञात और अज्ञात षडयंत्रकारियों के साथ मिल कर की गई तथाकथित गंभीर वित्तीय धोखाधड़ियों, लगातार धन शोधन और गैर-कानूनी गतिविधियों की गहन जांच प्रारंभ करने के अनुरोध के बारे में श्री चंद्र शेखर के अभ्यावेदन के संबंध में 64 वां प्रतिवेदन ।

4. विशेष रूप से गुवाहाटी में भारतीय स्टेट बैंक, पंजाब नेशनल बैंक और यूको बैंक की ऋण योजनओं के बारे में ग्राहकों की धारणा और प्रभावोत्पादकता तथा उससे संबंधित अन्य महत्वपूर्ण मुद्दों के बारे में श्री फानी धर दास के अभ्यावेदन के संबंध में याचिका समिति (17 वीं लोक सभा) के 37 वें प्रतिवेदन में समिति द्वारा की-गई शिफारिशों पर सरकार द्वारा की-गई-कार्रवाई संबंधी 65 वां प्रतिवेदन ।

5. टीटागढ़ वैगन्स लिमिटेड द्वारा भुगतान जारी करने का अनुरोध करने वाले श्री उमाकांत मिश्रा के अभ्यावेदन के संबंध में याचिका समिति (17 वीं लोक सभा) के 45 वें प्रतिवेदन में समिति द्वारा की-गई सिफारिशों पर सरकार द्वारा की-गई-कार्रवाई संबंधी 66 वां प्रतिवेदन ।

-

-

-

-

-

12.04 hrs